RNI Regd. No. 7756/59

स्वतंत्र सोच, निष्पक्ष अभिव्यक्ति

63 वां वर्ष

दण्डकारण्य समाचार

जगदलपुर व रायपुर से एक साथ प्रकाशित

■ जगदलपुर, मंगलवार 23 फरवरी 2021 ■ वर्ष 63 ■ अंक 40 ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य 2.00 ■ संस्थापक - स्व. श्री तुषार कांति बोस

स्वामी की याचिका पर सोनिया और राहुल से हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

नेशनल हेराल्ड केस

नई दिल्ली ,22 फरवरी (ए)। दिल्ली हाई कोर्ट ने भाजपा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी की याचिका पर कांग्रेस पार्टी की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी और सांसद राहुल गांधी से जवाब मांगा है। भाजपा सांसद स्वामी ने नेशनल हेराल्ड मामले में निचली अदालत के फैसले को दिल्ली उच्च न्यायालय में चुनौती दी है। निचली अदालत ने उनकी याचिका में पेश किए गए प्रमुख साक्ष्यों के आधार पर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, उनके बेटे राहुल गांधी एवं अन्य के खिलाफ मुकदमा चलाए जाने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था।

गुजरात की दोनों राज्यसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा

नई दिल्ली ,22 फरवरी (ए)। गुजरात की दो खाली राज्यसभा सीटों पर भाजपा के दिवेशचंद्र जेमलभाई अननवाडिया और रामभाई हरजीभाई मोकरिया ने जीत हासिल की है। बता दें कि ये दो सीटें कांग्रेस नेता अहमद पटेल और भाजपा नेता गणपतराय भाद्राजक के निधन की वजह से खाली हुई थीं।

कामरा के खिलाफ अवमानना मामले की सुनवाई चार सप्ताह तक टली

नयी दिल्ली, 22 दिसम्बर (ए) उच्चतम न्यायालय ने कॉमेडियन कुणाल कामरा के खिलाफ आपराधिक अवमानना मामलों की सुनवाई चार सप्ताह के लिए सोमवार को स्थगित कर दी।न्यायमूर्ति अशोक भूषण और न्यायमूर्ति आर सुभाष रेड्डी की खंडपीठ ने याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से रिज्वाइंडर के लिए समय मांगे जाने के बाद सुनवाई चार सप्ताह के लिए स्थगित कर दी।

छग राज्य ओपन स्कूल मुख्य अवसर परीक्षा 2021 में प्रवेश की तिथि बढ़ी

रायपुर, 22 फरवरी । छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल, रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी की मुख्य, अवसर परीक्षा 2021 में शामिल होने के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि 04 मार्च 2021 तक बढ़ा दी गई है। छात्रहित को ध्यान में रखते हुए 500 रूपए विलम्ब शुल्क के साथ प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ायी गई है।

जनता को शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाने में मददगार बनें विधायक -राज्यपाल

रायपुर 22 फरवरी । छत्तीसगढ़ की राज्यपाल अनुसुईया उइके ने विधायकों से राज्य सरकार की विकासपरक जनहितकारी नीतियों, योजनाओं,कार्यक्रमों,अभियानों में सक्रिय भागादारी निभाने और अपने अपने निर्वाचन क्षेत्र की जनता को शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाने में मददगार बनने की अपील की है।

सुश्री उइके ने आज छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के शुभारंभ के मौके पर अपने अभिभाषण में कहा कि बीता वर्ष अनेक चुनौतियों से भरा था।रोज खाने कमाने वाले परिवारों को भोजन और आजीविका,कुपोषण से लड़ रहे परिवारों को निरंतर पोषण आहार प्रदाय,प्रवासी मजदूरों की सुरक्षित वापसी और उनका पुनर्वास,कोरोना संक्रमण से बचाव और आर्थिक गतिविधियों की स्वाभाविक गति को बनाए रखने की चुनौतियों के बीच सरकार इन सभी मोर्चे पर खरी उतरी और प्रदेश कोरोना काल में भी अनेक क्षेत्रों में नई उपलब्धियां हासिल कर सका।

उन्होने कोरोना काल में 67 लाख से अधिक राशनकार्ड धारियों को खाद्यान्न उपलब्ध करवाने, गावों में खाद्य सुरक्षा के लिए दो-दो क्विंटल चावल रखे जाने तथा मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान में 51 हजार से अधिक आंगनबाड़ी केन्द्रों के 24 लाख से अधिक हितग्राहियों को रेडी टू ईट पोषण सामग्री दिए जाने का उल्लेख करते हुए उनकी सरकार ने एक बार फिर किसानों से किया गया वादा निभाया है।इस वर्ष सर्वाधिक 21 लाख किसान पंजीकृत हुए थे जिनमें से 20 लाख 53 हजार से अधिक किसानों ने अपना धान समर्थन मूल्य पर बेचाइस बार रिकार्ड मात्रा 92 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीद की गई।

इस वर्ष रिकार्ड 4755 करोड़ रूपए के ब्याज मुक्त ऋण वितरण का उल्लेख करते हुए उन्होने कहा कि राज्य में 16 लाख किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड दिए जा चुके है।प्राथमिक कृषि साख समितियों का पुनर्गठन कर 725 नई समितियां पंजीकृत की गई है,जिससे राज्य में समितियों की संख्या बढ़कर 2058 हो गई है।उन्होने कहा कि गन्ना आधारित इथेनाल संयंत्र लगाया जा रहा है,वहीं धान आधारित इथेनाल संयंत्र लगाने की उनकी सरकार ने पहल की है।उन्होने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में होने वाली अलग अलग फसलों का वैल्यू एडीशन हो,इसके लिए प्रत्येक विकास खण्ड में फूड पार्क एवं वनोपज प्रसंस्करण केन्द्रों की स्थापना की जा रही है।

राज्यपाल ने कहा कि सरकार ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत धान, गन्ना, मक्का सहित 14 फसलें लेने वाले किसानों को सीधी आर्थिक मदद देने का बीड़ा उठाया है। प्रथम वर्ष में तीन किस्तों में 4500 करो? रुपए की राशि किसानों के खाते में डाल दी गई है, वहीं शेष लगभग 1200 करो? रुपए की अंतिम किस्त का भुगतान भी इसी वित्तीय वर्ष में कर दिया जाएगा।उन्होने कहा कि उनकी सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जाने वाली लघु वनोपजों की संख्या 7 से बढ़ाकर 52 कर दी है।इस कठिन दौर में भी देश की कुल लघु वनोपज खरीदी का 72.5 प्रतिशत हिस्सा खरीदकर छत्तीसगढ़ देश में प्रथम स्थान पर रहा।उन्होने कहा कि शहीद महेन्द्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना लागू की गई है। तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक 2500 रुपए से बढ़ाकर 4000 रुपए प्रति मानक बोरा तथा बोनस भुगतान की निरंतरता से इस काम में लगे लाखों परिवारों को राहत मिली है।

उन्होने कहा कि सरकार ने पंचायत और ग्रामीण विकास की योजनाओं को तात्कालिक जरूरतों से जोड़ते हुए अनेक नवाचार किए, जिसके कारण भारत सरकार ने छत्तीसगढ़ को 11 विशिष्ट पुरस्कारों से नवाजा है।उन्होने कहा कि वर्ष 2019-20 में महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत स्वीकृत मानव दिवस के लेबर बजट का लक्ष्य शत-प्रतिशत पूरा किया गया तथा वर्ष 2020-21 में भी 81 प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर लिया गया है, जो पुनः नए कीर्तिमान की ओर बढ़ते कदमों का प्रतीक है।

पुडुचेरी में गिरी कांग्रेस सरकार

अब राष्ट्रपति शासन या भाजपा बनाएगी सरकार

नई दिल्ली ,22 फरवरी (ए)। दक्षिण भारत के इकलौते केंद्र शासित राज्य पुडुचेरी की सत्ता सोमवार को कांग्रेस के हाथ से चली गई। राज्य में कांग्रेस विधायकों के इस्तीफे के बाद नारायणसामी की सरकार अल्पमत में आ गई थी। कांग्रेस-डीएमके के गठबंधन वाली सरकार को विधानसभा में बहुमत साबित नहीं कर पाई। इसके बाद मुख्यमंत्री ने राज निवास जाकर उपराज्यपाल तमिलसाई सुंदरराजन को अपना और अपने मंत्रियों का इस्तीफा सौंप दिया।

उपराज्यपाल तमिलसाई सुंदरराजन ने उन्हें शाम पांच बजे तक बहुमत साबित करने के लिए कहा था। वहीं स्पीकर ने घोषणा की कि विधानसभा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किया जाता है। अब देखना यह है कि राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाया जाता है या विपक्ष सरकार बनाने का दावा पेश करता है। पुडुचेरी में 2016 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 15 सीटें मिली थीं। पार्टी ने डीएमके और निर्दलीय विधायकों के समर्थन से सरकार का गठन किया था। पांच साल बाद कांग्रेस से एक-एक करके विधायकों ने इस्तीफा दे दिया जिससे पार्टी का सियासी समीकरण बिगड़ गया। रविवार को कांग्रेस और डीएमके के एक-एक विधायक ने इस्तीफा दे दिया जिससे सरकार अल्पमत में आ गई थी। बता दें कि राज्य में सरकार बनाने के लिए बहुमत का आंकड़ा 14 है।

विपक्ष के पास है बहुमत का आंकड़ा

पुडुचेरी की विधानसभा में कुल 33 सदस्य हैं। इसमें 30 सदस्य निर्वाचित जबकि तीन नामित सदस्य होते हैं। कांग्रेस के पांच और डीएमके के एक सदस्य ने इस्तीफा दे दिया था जबकि एक सदस्य को अयोग्य ठहरा दिया गया था। इसके बाद विधानसभा में सदस्यों की संख्या 26 हो गई थी। इसमें से कांग्रेस-डीएमके गठबंधन सरकार के पास 11 और विपक्ष के पास 14 विधायकों का समर्थन है। ऐसे में विपक्ष के पास सरकार बनाने के लिए जरूरी बहुमत है। मगर यह देखना होगा कि विपक्ष सरकार गठन का दावा पेश करती है या नहीं। हालांकि राज्य में अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव होने हैं। यदि विपक्ष सरकार नहीं बनाती है तो इस स्थिति में उपराज्यपाल तमिलसाई सुंदरराजन यहां राष्ट्रपति शासन लगाने का फैसला कर सकती हैं।

भाजपा नहीं करेगी सरकार बनाने का दावा

नारायणसामी सरकार के गिरने पर भाजपा का कहना है कि हम सरकार बनाने का दावा नहीं करेंगे। भाजपा ने पुडुचेरी में सरकार गिरने के बाद कहा, केंद्रशासित प्रदेश के इतिहास में सबसे खराब अध्याय का अंत हो गया है। वहीं भाजपा के राज्य अध्यक्ष वी सामीनाथन ने कहा, हम इस स्तर पर सरकार बनाने की कोशिश नहीं करेंगे। आगामी चुनावों में लोगों के आशीर्वाद और पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा एनडीए और उसके गठबंधन सहयोगियों (ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस और एआईएडीएमके) के साथ मिलकर मई में सरकार बनाएगी। हम पुडुचेरी के लोगों के लिए एक नया उज्ज्वल भविष्य बनाएंगे। भाजपा ने नारायणसामी पर खराब शासन का आरोप लगाया है। सामिनाथन ने कहा कि पिछले पांच सालों में राज्य के पैसों को लूटा गया है।

सिर्फ पांच राज्यों में सिमट गई कांग्रेस की सत्ता

2014 के लोकसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद से कांग्रेस लगातार सत्ता की लड़ाई में भाजपा से हारती जा रही है। वर्तमान में कांग्रेस पंजाब, राजस्थान, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और झारखंड को छोड़कर पूरे देश की सत्ता से बाहर है।

पीएम किसान सम्मान निधि योजना के श्रेष्ठ क्रिन्यानवयन में बिलासपुर प्रथम

मुख्यमंत्री बघेल एवं कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने दी किसानों को बधाई

नई दिल्ली ,22 फरवरी (ए)। छत्तीसगढ़ राज्य के बिलासपुर जिले ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के क्रियान्वयन में देश में सर्वोत्तम स्थान हासिल किया है। बिलासपुर जिले को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए भारत सरकार के कृषि मंत्रालय द्वारा आगामी 24 फरवरी को नई दिल्ली में पुरस्कृत किया जाएगा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने राज्य के लिए इसे गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए इसके लिए किसानों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि प्रदेश सरकार कृषक कल्याण के क्षेत्र में पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ काम कर रही है। राज्य की खेती-किसानी और किसानों को समृद्ध बनाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। राष्ट्रीय स्तर पर मिला यह सम्मान इस बात का प्रतीक है कि छत्तीसगढ़ राज्य कृषक कल्याण के क्षेत्र में देश का रोल मॉडल बनने की ओर अग्रसर है। भारत सरकार के कृषि मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के दो वर्ष पूर्ण होने पर इसके क्रियान्वयन में देश में श्रेष्ठ प्रदर्शन वाले वाले राज्यों एवं जिलों का चयन किया गया है। छत्तीसगढ़ का बिलासपुर जिला किसानों के आधार प्रमाणीकरण एवं लाभान्वित करने के मामले में देश का अव्वल जिला रहा है। नई दिल्ली स्थित कृषि अनुसंधान परिषद के एपी शिन्दे हॉल में 24 फरवरी को आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में बिलासपुर जिले को इस सम्मान से नवाजा जाएगा।

उल्लेखनीय है कि बिलासपुर इससे पूर्व जल संरक्षण मामले में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान प्राप्त कर चुका है। नदियों के संरक्षण एवं पुनर्रुद्धार के लिए वर्ष 2019 में बिलासपुर जिले को नेशनल वॉटर अवार्ड मिला था।

रक्षा क्षेत्र में देश का परचम फहराये निजी क्षेत्र: मोदी

हथियारों के आयातक देशों में शामिल होना गौरव की बात नहीं

नई दिल्ली ,22 फरवरी (ए)। पीएम नरेंद्र मोदी ने डिफेंस बजट के प्रावधानों को प्रभावी तरीके से लागू करने को लेकर रक्षा मंत्रालय की तरफ से आयोजित वेबिनार को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि भारत रक्षा क्षेत्र में कैसे आत्मनिर्भर बने इस दिशा में आज का संवाद बहुत अहम है। पीएम मोदी ने बजट का बाद डिफेंस सेक्टर की नई संभावनाओं को लेकर चर्चा की।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत के पास हथियार, सैन्य उपकरण बनाने का सदियों पुराना अनुभव है, लेकिन स्वतंत्रता के बाद इस क्षमता को मजबूत नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि भारत अब अपनी क्षमताओं को तेजी से बढ़ाने के लिए अब प्रतिबद्ध है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत आज छोटे हथियारों के लिए भी दूसरे देशों पर निर्भर है। पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत हथियार के सबसे बड़े आयातकों में से एक है। पीएम मोदी ने कहा कि हथियारों का आयातक बनना कोई गौरव की बात नहीं है। पीएम मोदी ने कहा ऐसा नहीं है कि भारत के लोगों में टैलेंट और सामर्थ नहीं है। उन्होंने कहा कि आज स्वदेशी विमान तेजस शान से आसमान में उड़ान भर रहा है। पीएम मोदी ने कोरोना काल को लेकर वेंटिलेटर का जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा था कि जब कोरोना शुरू हुआ था तब भारत एक भी वेंटिलेटर नहीं बनाता था। आज भारत हजारों वेंटिलेटर का निर्माण कर रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि जवानों के ट्रेनिंग स्थल पर हम संदेश लिखा हुआ देखते हैं। कहा जाता है कि शांति काल में बहा हुआ पसीना, युद्धकाल में रक्त बहने से बचाता है। उन्होंने कहा कि इसका अर्थ है शांति की पूर्व शर्त वीरता है। वीरता की पूर्व शर्त है सामर्थ और सामर्थ की पूर्व शर्त है पहले से की गई तैयारी। बाकि सब इसके बाद आता है।

कार्ति को विदेश जाने की सुप्रीम कोर्ट ने दी अनुमति

नयी दिल्ली, 22 फरवरी (ए) उच्चतम न्यायालय ने पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदम्बरम के सांसद पुत्र कार्ति चिदम्बरम को कुछ शर्तों के साथ विदेश जाने की अनुमति सोमवार को प्रदान कर दी।

न्यायमूर्ति अशोक भूषण और न्यायमूर्ति आर. सुभाष रेड्डी की खंडपीठ ने जुनियर चिदम्बरम को दो करोड़ रुपये जमा कराने की शर्त पर विदेश जाने की अनुमति प्रदान कर दी।

खंडपीठ ने लोकसभा सांसद कार्ति चिदम्बरम को निर्देश दिया कि वह अपनी विदेश यात्रा का पूरा ब्योरा उसे उपलब्ध करायें। वह विदेश में कहां-कहां रुकेंगे, यह भी बताने को कहा गया है। न्यायालय ने उन्हें यह अनुमति छह माह के लिए दी है।

एनटीपीसी को पीआरएसआई के लिए चार पुरस्कार

नयी दिल्ली 22 फरवरी (ए) देश की अग्रणी उर्जा एकीकृत कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड ने पब्लिक अवार्ड्स सोसाइटी ऑफ इंडिया नेशनल अवार्ड्स-2020 के लिए चार पुरस्कार हासिल किया है।इसके साथ ही एनटीपीसी कॉरपोरेट संचार टीम को पूरे वर्ष भर उनके अनुकरणीय कार्यों के लिए भी सम्मानित किया गया।

एनटीपीसी के प्रवक्ता ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक वर्चुअल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तराखंड की राज्यपाल बेबी रानी मौर्य और केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।एनटीपीसी स्कोप ने विशेष / प्रतिष्ठित प्रकाशन श्रेणी में कॉमिक पुस्तक मीट द बिजलीज के लिए पहला पुरस्कार जीता। एनटीपीसी स्कोप को अंग्रेजी में सर्वश्रेष्ठ कॉर्पोरेट फिल्म श्रेणी के लिए दूसरा पुरस्कार मिला।

आज का इतिहास

1989 जापान ने तमाट हिरोहितो का निधन।

1990 राजकुमार सिंहनुक 11 वर्ष तक निर्वासित जीवन बिताने के बाद कंबाड़िया लौटे।

1991 तेना ने वाईहैड में सत्ता पर कब्जा कर लिया।

2004 शीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र में हुए विस्फोट में 6 लोगों की मृत्यु।

बहुत खूब

सड़क पर अचानक चलने लगा दोमंजिला विक्टोरियन घर

नई दिल्ली 22 फरवरी (ए)। गुजरते पल किसी के लिए भी ठहरते नहीं हैं. अपनी पूरी जिंदगी में हम कई बार घर शिफ्ट करते हैं. हर घर के साथ हमारी खट्टी-मीठी यादें जुड़ी होती हैं और उन यादों को मन में बसाकर हम आगे बढ़ जाते हैं. हमारे मन में कभी न कभी ये भी आता है कि काश हम घर को ही अपने साथ कहीं लेकर जा पाते। सैन फ्रांसिस्को में हाल ही में कुछ ऐसा ही वाकया हुआ है।

सैन फ्रांसिस्को में 21 फरवरी को सड़कों पर एक अलग ही नजारा देखने को मिला। दरअसल, वहां एक घर अचानक ही चलने-फिरने लगा। सैन फ्रांसिस्को की मीडिया रिपोर्ट्स और वायरल वीडियो के आधार पर घर के चलने का पूरा माजरा समझ में आया है. यह घर लगभग 139 साल पुराना बताया जा रहा है. वहां पर इस तरह के घरों को विक्टोरियन हाउस कहा जाता है। यह दो मंजिला घर अपने खिड़की-दरवाजों के साथ सैन फ्रांसिस्को की सड़कों पर भ्रमण कर रहा था।यह विक्टोरियन हाउस 807 फ्रैंकलिन स्ट्रीट में बसा हुआ था। इस घर को परिया में हो रहे विकास कार्यों के लिए तोड़ा जाना था. लेकिन घर के मालिक ने इसे तोड़ने के बजाय शिफ्ट करने का अनोखा फैसला लिया था. इसे उसकी लोकेशन से 6 ब्लॉक्स आगे शिफ्ट किया गया. इसके लिए मालिक ने वेटरन हाउस मूवर फिल जॉय की मदद ली थी।घर को शिफ्ट करने के दौरान मालिक को कई परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसके लिए कुल 15 एजेंसियों से इजाजत ली गई थी. फिर घर को एक बड़े ट्रक में लोड किया गया था। इसमें कई वर्कर्स के एफर्ट्स शामिल थे. इस शिफ्टिंग को प्लान करने में ही कई सालों का वक्त लग गया था। घर को शिफ्ट करने के दौरान सड़कों को खाली करवाया गया था और ट्रैफिक सिग्नल को भी बदलना पड़ा था। बांस के इस्तेमाल से मूव किया गया यह घर चर्चा का विषय बन गया है।

आतंकियों की कश्मीर को दहलाने की साजिश नाकाम

श्रीनगर ,22 फरवरी (ए)। पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं हो रहा। वह आये दिन आतंकवादियों द्वारा भारत में हमलों की साजिश करता रहता है। वहीं भारत सेना भी आतंकियों का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार है। इसी के चलते आज सुरक्षाबलों को कश्मीर के नौगाम में रेलवे क्रॉसिंग के पास आईईडी बरामद हुई है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात को रोक दिया गया है। साथ ही भारी संख्या में सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है। आईईडी को निष्क्रिय करने के लिए निरोधक दस्ते की मदद ली जा रही है। श्रीनगर के पंथा चौक-नौगाम मार्ग पर सोमवार को विस्फोटक मिलने के बाद यातायात रोक दिया गया है। यह विस्फोटक ठीक उस समय पाया गया है जब ट्रेन सेवाओं को लंबे समय के बाद कश्मीर में शुरू किया जाना है।

टूलकिट : पुलिस जांच में शामिल हुए निकिता और शांतनु

नयी दिल्ली, 22 फरवरी (ए) गणतंत्र दिवस के दिन ट्रैक्टर परेड के दौरान राजधानी में हुई हिंसा से संबंधित टूलकिट मामले की आरोपी निकिता जैकब और शांतनु दिल्ली पुलिस की साइबर सेल के दफ्तर पहुंचकर जांच में शामिल हुए। इस मामले की एक अन्य आरोपी पर्यावरण कार्यकर्ता दिशा रवि को पहले को पहले ही गिरफ्तार किया गया है।दिल्ली पुलिस का दावा है कि टूलकिट बनाकर किसानों को भ?काकर हिंसा फैलाने के पीछे खालिस्तान से जुड़े संगठनों की साजिश थी। कनाडा के पोएटिक जस्टिस फाउंडेशन से जुड़ा एमओ धालीवाल भारत में किसानों की आड़ में माहौल खराब करने की फिराक में था।पुलिस के अनुसार किसानों को उकसाने के लिए साजिशकर्ताओं ने टूलकिट तैयार की थी जिसमें सरकार का विरोध करने के लिए कार्यक्रम बताया गया था। इसे निकिता जैकब और पर्यावरण कार्यकर्ता शांतनु ने तैयार किया था।

वरवरा राव को मेडिकल आधार पर मिली छह महीने की जमानत

भीमा-कोरेगांव मामला

पुणे ,22 फरवरी (ए)। महाराष्ट्र के भीमा-कोरेगांव हिंसा मामले में आरोपी 81 वर्षीय वरवरा राव को बॉम्बे हाईकोर्ट ने छह महीने के लिए जमानत दे दी है। बॉम्बे हाई कोर्ट ने चिकित्सा आधार पर वरवरा राव को जमानत देने का फैसला लिया है। उन्हें इस शर्त पर जमानत दी गई है कि उन्हें मुंबई में ही रहना है और जांच के लिए उपलब्ध होना चाहिए। बता दें कि 28 अगस्त, 2018 से वरवरा राव ट्रायल का इंतजार कर रहे हैं। जस्टिस एस एस शिंदे और जस्टिस मनीष पितले की खंडपीठ ने कहा कि इसमें कुछ उचित शर्तें लागू होंगी। राव को 6 महीने के लिए नानावती अस्पताल से छुट्टी देने का निर्देश दिया गया है।